# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस




14 अगस्त को ''विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस'' के रूप में मनाया जाता है जिसे अखंड भारत संकल्प स्मृति दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर 08 अगस्त 2023 को सेठ आर. सी. एस. कला एंव वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग एंव विवेकानंद यूथ सर्किल दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में आज के युवाओं को राष्ट्रवाद के प्रति प्रेरित एंव स्व–चिंतन उत्पन्न करने के उद्देश्य से प्रखर वक्ताओं का व्याख्यान का आयोजन किया गया। 14 अगस्त 1947 को देश के बंटवारे के दौरान विस्थापन का दर्द झेलने वाले लोगों की याद में ये दिन मनाया जाता है। उन लोगों के संघर्ष और बलिदान की याद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2021 में घोषणा की थी कि हर साल 14 अगस्त को ''विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस'' के तौर पर मनाया जायेगा। यह दिन हमें भेदभाव, वैमनस्य और दुर्भावना के जहर को खत्म करने के लिए न केवल प्रेरित करेगा, बल्कि इससे एकता, सामाजिक सद्भाव और मानवीय संवेदनाएं भी मजबूत होंगी।







विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस भारत में 14 अगस्त को मनाया जाने वाला एक वार्षिक राष्ट्रीय स्मारक दिवस है, जो 1947 में भारत के विभाजन के दौरान लोगों के पीड़ितों पीड़ाओं की याद में मनाया जाता है।

# Seth. R. C. S. Arts & Commerce College

Utai Road, Near Ravishankar Shukla Stadium Durg (C.G.) 491001
(Run by District Education Society Durg)
**Accredited with Grade B++ by NAAC**
Affiliated to Hemchand Yadav Vishwavidyalaya, Durg
Recognised under 2(f) & 12(B) of the UGC Act, 1956
Phone: (0788) 2322457
Website: www.rcscollege.com  Email: rcscollege1964@gmail.com


**Date 01-10-2023**

## सुराना महाविद्यालय द्वारा गौरव पथ की साफ–सफाई




भारत सरकार एंव राज्य शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को स्वच्छांजली देने एंव स्वच्छ भारत का सपना साकार करने के लिए सेठ आर. सी. एस. कला एंव वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा 01 अक्टूबर को ''एक तारीख एक घंटा एक साथ'' स्वच्छता के लिए

**एक तारीख एक घंटा एक साथ**

श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत शहर के मुख्य सड़क गौरव पथ की साफ सफाई की गयी तथा रैली के माध्यम से जागरूकता का संदेश भी दिया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय परिसर, खेल मैदान एंव महाविद्यालय के उद्यान की भी सफाई की गयी। इस स्वच्छता कार्यक्रम के लिए महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवक एंव अन्य छात्र–छात्राओं ने श्रमदान किया। इस अवसर पर जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष एंव नगर पालिक




निगम दुर्ग के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर श्री प्रवीण चन्द्र तिवारी ने कहा कि भारत सरकार का इस कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य यह है कि आम नागरिक स्वच्छता से जुड़े और स्वच्छ भारत का सपना को साकार करें और इस तरह के कार्यक्रम हमेशा आयोजित होते रहना चाहिए। यह कार्यक्रम नगर पालिक निगम दुर्ग के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर एंव सहायक प्राध्यापक डॉ. आयशा अहमद के मार्गदर्शन में किया गया।




# मेरी माटी मेरा देश

दुर्ग, सेठ आर. सी. एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ''मेरी माटी मेरा देश'' अभियान के अंतर्गत कलश यात्रा का आयोजन किया गया।




मेरी माटी मेरा देश अभियान का उद्देश्य हमारी प्यारी मातृभूमि के प्रति प्रेम और उन साहसी वीरों को श्रद्धांजलि देना है जिन्होंने हमारे राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा ने स्वयंसेवकों एवं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने देश की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहूति दी। अतः हम सबका दायित्व है कि वीरों का सम्मान करते हुए देश सेवा के लिए समर्पित होकर कार्य करें। इसके पश्चात् प्राचार्य द्वारा पंचप्रण की प्रतिज्ञा दिलाई गई जो एक महान भारत के निर्माण का मार्ग है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती निधि मिश्रा एंव स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने अपने–अपने




घरों से एक मुठ्ठी मिट्टी लेकर कलश में एकत्रित किया। जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री प्रवीण चन्द्र तिवारी, प्राचार्य व प्राध्यापकगण कार्यक्रम में सम्मिलित हो कर कलश में मिट्टी एकत्रित किया एंव अभियान को सफल बनाया। कलश यात्रा महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुई।

# विश्व एड्स दिवस






एड्स के बारे में जानकारी देने के लिए विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। एड्स को लेकर हमारे समाज में कई मिथक हैं, जिनके बारे में लोगों को काफी कम जानकारी है। एड्स कैसे फैलता है, इससे बचाव के तरीके, इसके टेस्ट इससे जुड़े मिथक आदि के बारे में जानकारी देने के लिए विश्व एड्स दिवस 01 दिसंबर 2023 को महाविद्यालय में रेड क्रॉस एंव रेड रिबन के संयुक्त तत्वावधान में एच.आई.व्ही/एड्स रोग विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर के माध्यम से लोगों में एड्स के प्रति जागरूकता एवं जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के रेड क्रास के वालेंटियर्स द्वारा समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों व छात्रो को जागरूकता के प्रतिक रेड रिबन लगा कर जागरूक किया गया। अन्य महाविद्यालय सेठ आर. सी. एस. विधि महाविद्यालय दुर्ग के छात्रों को भी जागरूकता के प्रतिक रेड रिबन लगा कर जागरूक किया गया।






**पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निम्नलिखित छात्र-छात्राओं ने भाग लिया –**

| कमांक | प्रतिभागी का नाम | कक्षा |
|---|---|---|
| 1 | महेश्वरी | एम.लिब. |
| 2 | विजिता | बी. लिब. |
| 3 | श्रेयल | बी. लिब. |
| 4 | पुष्पांजलि | बी. ए. द्वितीय वर्ष |
| 5 | ललिता साहू | बी. ए. द्वितीय वर्ष |
| 6 | प्रिया सिन्हा | बी. काम. द्वितीय वर्ष |
| 7 | श्रेया साहू | बी. काम. तृतीय वर्ष |
| 8 | सानिया साबेरी | बी. काम. तृतीय वर्ष |
| 9 | मोनिका साहू | बी. काम. तृतीय वर्ष |
| 10 | गौरव | बी. काम. तृतीय वर्ष |
| 11 | कंचन डहरिया | बी. काम. तृतीय वर्ष |






# रक्तदान शिविर

जिला शिक्षण समिति दुर्ग एवं नवदृष्टि फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में सेठ रतन चंद सुराना कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय




में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सेठ रतन चंद सुराना कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सेठ बद्रीलाल खंडेलवाल शिक्षा महाविद्यालय, सेठ रतन चंद सुराना विधि महाविद्यालय एवं दाऊ ररू प्रसाद उच्चतर माध्यमिक शाला के शिक्षक, प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं ने रक्तदान किया



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स दुर्ग के अध्यक्ष श्री प्रहलाद रुंगटा ने रक्त दाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया । जिला अस्पताल के ब्लड

बैंक अधिकारी डॉ प्रवीण कुमार अग्रवाल, डॉक्टर नेहा बाफना तथा तकनीशियन रोशन राजपूत के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में 60 यूनिट रक्तदान किया गया । इस कार्यक्रम में जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री प्रवीण चंद तिवारी, सदस्य अनिल सुराना, शासी निकाय के अध्यक्ष श्री मनोज शर्मा नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य श्री कुलवंत भाटिया, श्री राज आढ़तिया, जितेंद्र हासवानी, राजेश पारख,




महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा, श्री अखिलेश अग्रवाल, डॉ उमाकांती सिंह उपस्थित थे।  जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीण चंद तिवारी, श्री अनिल सुराना, श्रीमती भावना दुबे, डॉ. प्रमोद यादव, निधि मिश्रा भावना वर्मा, राकेश दिवाकर, युगेश देशमुख, संजय लाल, चंद्रशेखर देवांगन, खिलेश्वर प्रशाद बघेल, चित्रलेखा भाटिया, सचिन दुबे, अविश, भेष कोठारी, रजत, छगेंद्र, रवि तेजवानी, दिनेश, रूपल गुप्ता, मयूरी, कौशल, राहूल निषाद आदि ने रक्तदान किया। शिविर प्रभारी फरहा परवीन सिद्दीकी थी ।



